उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2
संख्या-478/सोलह-प्रा0शि0-2-2011-7(E)/2010
लखनऊ : दिनांक : 12 मई,2011

नियुक्ति / विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रवक्ता गणित के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के आधार पर राज्यपाल महोदय निम्नलिखित अभ्यर्थियों को प्रवक्ता गणित के पद पर वेतनमान रू0 8000-275-13500 (संशोधित वेतनमान रू0 15,600-39,100 ग्रेड वेतन रू0 5400/-) में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए उन्हें निम्नलिखित तालिका के कालम-4 में उल्लिखित संस्था में तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं एवं वे तैनाती की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे:-

क0 सं0	नाम/पिता का नाम	स्थायी पता	तैनाती संस्था का नाम
1	2	3	4
1.	कु0 नेहा सिंह पुत्री श्री अशोक पाल सिंह	1/706, एम0आइ0जी0, सुहागनगर, फिरोजाबाद (उ0प्र0) 283203	बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय पालीटेक्निक, औरैया
2.	श्री चन्द्र शेखर पुत्र श्री विष्णु भगवान	उझानी, जिला बदायूँ।	राजकीय पालीटेक्निक, सोरों।
3.	डा0 बलराम पुत्र श्री पुट्टी लाल	ग्राम-खीरीघाट, पोस्ट महवा नगर, जिला- बस्ती	राजकीय पालीटेक्निक, लखनऊ।
4.	श्री सुमित कुमार पुत्र श्री प्रेम चन्द	गली नं0-6, रामनगर, मंगलपुरी (निकट रामा पब्लिक स्कूल) कंकरखेड़ा मेरठ (उ0प्र0) 250001	राजकीय महिला पालीटेक्निक, सहारनपुर
5.	श्रीमती पुष्पा गौतम पत्नी श्री मनीष	सी-3977, राजाजीपुरम् लखनऊ	राजकीय महिला पालीटेक्निक, फैजाबाद

2- उपर्युक्त अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे। इस तैनाती के लिए उपर्युक्त अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

3- उपर्युक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी पूर्ववृत एवं चरित्र सत्यापन रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों से अभी पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हुई हैं। संबंधित अभ्यर्थियों की पूर्ववृत एवं चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि प्रतिकूल पायी जायेगी तो इनकी यह नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

P.T.O.

APPOINTMENT